# समाचार

# स्वच्छ भारत मिशन –निजी शौचालय निर्माण

## समयसीमा में लक्ष्य पूर्ण करने पर निर्माण एजेंसी पुरस्कृत

## (आयुक्त ने ली निजी शौचालय निर्माण एजेंसियों की बैठक, प्रदत्त लक्ष्यों को समयसीमा में पूरा करने के दिये निर्देश )

कोरबा 20 नवम्बर 2015 –कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में जिले में संचालित किये जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में किये जा रहे निजी शौचालय निर्माण कार्य के अंतर्गत समयसीमा में निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने वाली निर्माण एजेंसी संचय समाजसेवी संस्था भूलसीडीह को पुरस्कृत किया गया। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त संस्था के अध्यक्ष श्री नीरज सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निगम क्षेत्र में निर्मित किये जा रहे निजी शौचालयों के निर्माण कार्य की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक के पूर्व प्रदत्त लक्ष्य को समयसीमा से पहले पूर्ण करने वाली निर्माण एजेंसी संचय समाजसेवी संस्था को पुरस्कृत किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि उक्त संस्था ने 50 शौचालयों के निर्माण के प्रदत्त लक्ष्य को समयसीमा से पूर्व पूरा करने के पश्चात द्वितीय चरण में आबंटित शौचालय निर्माण कार्य के तहत भी 18 शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शौचालय निर्माण कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए आयुक्त श्री अग्रवाल ने कहा कि '' खुले में शौच से मुक्त '' बनाने की संकल्पना के साथ निजी शौचालयों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, अतः इसे सर्व प्राथमिकता पर रखा गया है। उन्होने निर्माण एजेंसियों एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दिये गये लक्ष्य को समयसीमा से पूर्व अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए तथा निर्माण कार्य के दौरान जो भी व्यावहारिक व तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं, उनके निराकरण के संबंध में समस्त आवश्यक कदम उठाए जाएं। आयुक्त श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा संबंधित अभियंतागण निर्माण कार्य की नियमित मानीटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण रूप से संपादित हो रहे हैं। उन्होने स्वच्छता निरीक्षकों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये कि वे नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करायें कि निर्मित किये जा चुके शौचालयों का उपयोग किया जा रहा है तथा इस संबंध में अपना साप्ताहिक प्रतिवेदन निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से मुझे प्रस्तुत करें। हितग्राही के स्तर पर यदि कोई समस्याएं सामने आ रही हैं तो इसकी सूचना तत्काल निगम को दें तथा किस हितग्राही के संबंध में क्या समस्या है, इसका पूर्ण विवरण तैयार कर प्रस्तुत करें। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने कड़े शब्दों में कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित किये जा रहे शौचालयों का निर्माण कार्य उच्च्य प्राथमिकता का विषय है, अतः इस पर निर्माण एजेंसियों या अधिकारियों की कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, उन्होने संबंधित सहायक अभियंताओं एवं उप अभियंताओं को कहा कि उन्हें निर्धारित प्रारूप उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिसमें वे अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट उचित माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

<u>समस्याजनित वार्ड में वार्ड सभा बुलाएं</u>– समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिन वार्डो में शौचालय निर्माण की दिशा में ज्यादा समस्याएं उत्पन्न हो रही है, हितग्राहियों द्वारा पैसा जमा नहीं कराया जा रहा है या निर्माण कार्य हेतु स्थल उपलब्ध नहीं है या अन्य कोई समस्या सामने खड़ी होती है तो उक्त वार्डो में वार्डसभाओं का आयोजन करें, संबंधित वार्ड पार्षदों को आमंत्रित करें, हितग्राहियों को आवश्यक समझाईस दें तथा शौचालय के महत्व को बताएं। उन्होने कहा कि इस दिशा में सभी का सहयोग प्राप्त करें, समस्याओं का समाधान करें तथा कार्यो में प्रगति लाकर लक्ष्य को पूर्ण करें।

<u>अच्छा कार्य करने वाली एजेंसियां होंगी पुरस्कृत</u>–निर्धारित समयसीमा से पूर्व लक्ष्य प्राप्त करने वाली निर्माण एजेंसी संचय समाजसेवी संस्था की प्रशंसा करते हुए आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदत्त किये गये लक्ष्यों को समयसीमा में पूर्ण करने, पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य का संपादन करने तथा अच्छा कार्य करने वाली निर्माण एजेंसियों व ठेकेदारों को निगम द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होने कहा कि निर्माण एजेंसियां इस दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें तथा शासन की इस महत्वपूर्ण व जनकल्याणकारी योजना के सफल क्रियान्वयन में सहभागी बने।

<u>निगम को वर्तमान तक मिला 3700 शौचालय निर्माण का लक्ष्य</u>– कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में क्रियान्वित स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिक निगम कोरबा को शासन द्वारा अभी तक 3700 शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसके तहत 2500 शौचालयों के निर्माण के कार्यादेश निगम द्वारा प्रदान कर दिये गये हैं

एवं क्रमशः शेष शौचालयों के कार्यादेश आदि प्रदान किये जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है, अभी तक प्रथम चरण में 18 निर्माण एजेंसियों एवं द्वितीय चरण में 32 निर्माण एजेंसियों को यह कार्य आबंटित किये गये है।